तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026

11 तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, धूम्रपान शराब का उपयोग अनुवांशिक



12 सूर्य उपासना और गौ पूजन के साथ हुआ शुभारंभ





# थर्ड क्लास काम करने वाले कांट्रैक्टर्स पर गिरेगी गाज, 6 अरब का रोड निर्माण कार्य चढ़ा लापरवाही की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण और नवीनीकरण कार्यों में लापरवाही एवं गुणवत्ताहीन काम करने वाले एक दर्जन से अधिक ठेकेदारों पर गाज गिरने वाली है। सड़क निर्माण में गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग और तय मानकों का पालन न करना। ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने या उन पर भारी जुर्माना लगाने की प्रक्रिया जारी है। यह कार्रवाई सरकारी निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और लापरवाही के प्रति सख्त नीति का हिस्सा है।

■ ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने व भारी जुर्माना लगाने की प्रक्रिया जारी

जानकारी के अनुसार 5 अरब 88 करोड़ 89 लाख रुपए के 35 निर्माण कार्य किया जा रहा है, इसमें से एक अरब 31 करोड़ 12 लाख रुपए व्यय किया गया है। सुकमा जिले के पुनपल्ली से गोंडपल्ली मार्ग निर्माण कार्य वर्तमान में बंद होने से ठेकेदार को नोटिस दिया कि शीघ्र कार्य पूरा करें। पीडब्ल्यूडी के सीई ने हाल ही में कोंटा से गोलापल्ली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

ठेकेदार को कहा कि समय सीमा निर्माण कार्य नहीं होने पर टेंडर निरस्त कर दिया जाएगा और ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

### 35 निर्माण कार्य प्रगति पर

कोंटा-गोलापल्ली, गीदम-बारसूर, दंतेवाड़ा के पिनकोंडा से समरथपारा होते हुए बीजापुर बायपास, गीदम से बांगाबाड़ी, गीदम-दंतेवाड़ा-किरंदुल, सुकमा के ग्राम झापरा से पुसपल्ली, बोदागुड़ा से सामसट्टी, केरलापाल से पोग्गाभेज्जी, गलगम से करेंगुटटा, भीमारम पुसुगुप्पा, पुजारीकांकेर से करेंगुटटा, पुनपल्ली से गोंडपल्ली, कांकेर जिले के खैरखेड़ा से गोटीटोला, रिसेवाड़ा से भैंसमुडी, दमकसा से पटेचुआ, अमोड़ा नरहरपुर, नारायणपुर अंतागढ़ स्टेट हाइवे, बेलगांव से पीव्ही 87, डोंगरगांव भालोपारा भेराडीह मार्ग आदि प्रगति पर है।





### अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाई

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने सातों जिलों के कार्यपालन अभियंताओं एवं ठेकेदार को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जाएगा। अनदेखी करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कुम्हड़ाकोट की जनजातीय गौरव वाटिका जल्द होगी शुरू



**जगदलपुर।** शहर के निकट कुम्हड़ाकोट में निमार्णाधीन जनजातीय गौरव वाटिका शीघ्र ही शुरू होगी, इसमें पर्यटक सहित नगरवासी सुबह एवं शाम को प्रकृति में सुकून के पल बिताएंगे। यहां जागरूक नागरिकों के लिए लगभग 1700 मीटर का एक लंबा वॉकिंग ट्रेल बनाया गया है। इसके साथ ही योगा शेड, योगा जोन और ओपन जिम जैसी आधुनिक सुविधाएं भी यहां उपलब्ध हैं। वॉकिंग ट्रेल के बीच-बीच में प्लेटफॉर्म और कुर्सियां लगाई गई हैं जिससे लोग आराम से बैठकर बातचीत कर सकें। बच्चों के लिए एक अलग प्ले एरिया भी तैयार किया गया है। वन विभाग की भविष्य की योजनाओं में यहां ट्री-हाउस बनाने और एडवेंचर स्पोर्ट्स शुरू की जाएगी। इसके साथ ही यहां तालाब और उसमें आइलैंड का निर्माण भी किया गया है। दुर्लभ स्थानीय प्रजातियों के पौधों और पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे, यह वाटिका जैव-विविधता के संरक्षण का केंद्र भी बनेगी।



**होगा प्लास्टिक फ्री जोन :** परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा ने बताया कि वाटिका का पूरा क्षेत्र प्लास्टिक फ्री जोन होगा। पर्यटकों को बाहर से किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री या फूड पैकेट अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

**पारिवारिक विवाद बना हत्या व आत्महत्या का कारण**

# पति ने पत्नी की धारदार हथियार से हत्या करने के बाद फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के दंतेश्वरी वार्ड निवासी बुजुर्ग ने बीती रात पत्नी की धारदार हथियार से सिर व गले में हमला कर हत्या करने के बाद स्वयं फांसी के फंदे पर झुलकर आत्महत्या कर ली। हत्या व आत्महत्या के पीछे पारिवारिक विवाद व पति का गुस्सैल स्वभाव को बताया जा रहा है।

■ बोधघाट पुलिस ने दोनों शव को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया

जानकारी के मुताबिक तारा सिंह 73 वर्ष अपनी पत्नी विजय कौर 70 वर्ष के साथ मकान के निचली मंजिल पर रहते थे। वहीं परिवार के अन्य सदस्य बेटा, बहू और बेटी इसी मकान की ऊपरी मंजिल में रहते थे। मंगलवार रात बुजुर्ग पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी। जिस पर बेटा और बहू नीचे आकर मामला शांत कराकर वापस उपर की मंजिल पर चले गए। लेकिन देर रात करीब 2 से 2:30 बजे के बीच दोनों के बीच दोबारा विवाद शुरू हो गया जो इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर तारा सिंह ने घर में रखे मोटे लकड़ी के बंडे से पत्नी के सिर व गले पर वार कर दिया। पति के हमले को रोकने का प्रयास कर रही पत्नी के हाथ की उंगलियां भी कट गई, जिससे मौके पर ही विजय कौर की मौत हो गई। पत्नी की हत्या करने के बाद तारा सिंह ने भी घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस बात की खबर बुधवार सुबह परिजनों को लगी। जिसके बाद इसकी सूचना बोधघाट पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लीलाधर राठौर टीम के साथ घटनास्थल पहुंच गए और इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों का दी। मौके पर पहुंची पुलिस पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मामले में पुलिस परिवारजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि पति-पत्नी के बीच विवाद की असल वजह क्या थी। फिलहाल मामले की पड़ताल जारी है। शहर के बीचोबीच बैला बाजार क्षेत्र में को दिल दहला देने वाली घटना की खबर लगते ही हड़कंप मच गया और कुछ ही देर में आसपास के लोगों व परिजनों की भीड़ लग गई।

### गुस्सैल प्रवृति का था शव परिजनों के सुपुर्द

हत्या व आत्महत्या की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल की जांच पड़ताल की गई है। प्रारंभिक जांच में मृतक पति व पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद की जानकारी मिली है। दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**लीलाधर राठौर,** निरीक्षक, थाना बोधघाट।





### रात के विवाद के बाद सुबह बेटे ने देखा शव

बुधवार सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच बेटा जब नीचे अपने माता-पिता के पास आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। उसने माता-पिता को आवाज दी। लेकिन अंदर से कुछ भी आवाज नहीं आने पर उसने किसी तरह दरवाजा खोला अंदर जाकर देखा तो दोनों की लाश पड़ी थी। बताया जा रहा है कि तारासिंह पूर्व में ट्रक चलाने का काम करता था। लेकिन पिछले कुछ समय से वह घर पर ही रह रहा था और काफी गुस्से वाले प्रवृत्ति का था। जिससे आए दिन किसी न किसी बात को लेकर पत्नी के साथ विवाद होता रहता था।

## हत्या के 3 आरोपियों को आजीवन कारावास

**जगदलपुर।** न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत द्वारा थाना बड़ाजी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ाजी यादव पारा निवासी परमेश्वर यादव की हत्या के मामले में अभियुक्तों दयाराम यादव व उसके दोनों पुत्र हलधर यादव और बलराम यादव को आजीवन कारावास एवं 500-500 रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया ।



न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 सितंबर 2024 की रात्रि लगभग 9 बजे प्रार्थिया ललिता यादव एवं उसका पुत्र परमेश्वर यादव पड़ोसी दयाराम यादव के घर जाकर हमारा जमीन को तुम लोग ज्यादा लिए हो, कहने पर अभियुक्त दयाराम तथा उसके दोनों पुत्र हलधर एवं बलराम यादव परमेश्वर को गाली गलौच देकर मारपीट करने लगे। इस पर प्रार्थिया द्वारा बीच-बचाव करने पर उसे भी अभियुक्तगण ने हाथ-मुक्ता एवं डंडे से मारपीट किए। हलधर एवं बलराम ने परमेश्वर के दोनों हाथों को पकड़ कर रखे थे। तभी अभियुक्त दयाराम हत्या करने के आशय से घर के अंदर से लोहे की टंगिया लेकर आया और परमेश्वर यादव के गर्दन में मारा और हलधर ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ 5-5 सौ रुपए का अर्थदंड भी लगा, नहीं पटाने पर अतिरिक्त सजा

# चिन्हित स्कूलों में प्रशासनिक अधिकारियों को मिली अपार आईडी बनाने 9 तक की डेडलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में स्कूली छात्रों की अपार आईडी बनाने के कार्य को अब सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। समग्र शिक्षा, जिला परियोजना कार्यालय द्वारा जारी ताजा निर्देशों के अनुसार, जिला प्रशासन ने इस कार्य को मिशन मोड में पूरा करने का बीड़ा उठाया है।

■ कलेक्टर के निर्देश पर अपार आईडी बनाने की मुहिम तेज

कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में संपन्न हुई एक अहम बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिले के चिन्हित स्कूलों में लंबित अपार आईडी का कार्य हर हाल में आगामी 9 फरवरी तक पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन भी उपस्थित थे। इस अभियान की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब यह कार्य केवल शिक्षा विभाग तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि एसडीएम और तहसीलदार जैसे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को भी सीधे तौर पर इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के तहत, प्रत्येक विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी और खंड स्त्रोत समन्वयक को अपने क्षेत्र के दो-दो स्कूलों की निगरानी का जिम्मा दिया गया है। प्रशासन का विशेष फोकस उन विद्यालयों पर है जहाँ अपार आईडी बनाने का काम बड़ी संख्या में लंबित है। उदाहरण के तौर पर बकावंड ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद स्कूल करपावंड, जगदलपुर के धरमपुरा के साथ बस्तर, दरभा, लोहंडीगुड़ा और ▶▶| शेष पेज 10 पर



**कलेक्टोरेट पहुंच राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र कलेक्टर को सौंपा**

# यूजीसी रेगुलेशन के विरोध में सर्व सवर्ण समाज का शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

यूजीसी रेगुलेशन के विरोध में बुधवार को बस्तर अंचल में सर्व सवर्ण समाज ने संगठित होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में समाज के लोग सुबह मां दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष एकत्र हुए और धरना देकर इस रेगुलेशन को सवर्ण समाज के युवाओं के भविष्य के लिए घातक बताते हुए केंद्र सरकार से इसे अविलंब वापस लेने की मांग की। धरना स्थल पर समाज के एक दर्जन से अधिक प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे और इसे संविधान की समानता की भावना के विपरीत बताया।

■ दंतेश्वरी मंदिर से कलेक्टरेट तक धरना और बाइक रैली, की जमकर नारेबाजी


धरना उपरांत सर्व सवर्ण समाज के लोगों ने बाइक रैली निकाली। यह रैली मां दंतेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर मिताली चौक, जयस्तंभ चौक, श्रीराम चौक, चांदनी चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टरेट पहुंची। रैली के दौरान विभिन्न चौक-चौराहों पर प्रदर्शनकारियों ने रुक-रुककर नारेबाजी की। "यूजीसी रेगुलेशन वापस लो", "सर्व सवर्ण समाज एकता जिंदाबाद" और "अभी तो ये अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है" जैसे नारों से पूरा शहर गूंज उठा।

कलेक्टोरेट पहुंचकर पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। कलेक्टर ने ज्ञापन को शीघ्र राष्ट्रपति भवन प्रेषित करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में यूजीसी रेगुलेशन से उत्पन्न होने वाली सामाजिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक विसंगतियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। धरना, बाइक रैली एवं ज्ञापन सौंपने के इस पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष एवं सर्व सवर्ण समाज के संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता आशुतोष द्विवेदी ने किया। प्रदर्शन में सम्मिलित सभी वक्ताओं ने एक स्वर में इस रेगुलेशन को वापस लेने की मांग की। प्रतिनिधण्डल में संयोजक आशुतोष द्विवेदी समेत संजीव शर्मा,अनिल सामंत, मनीष शुक्ला, शक्तिसिंह ▶▶| शेष पेज 10 पर



### यूजीसी रेगुलेशन पर मुख्य आपत्तियां

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि यूजीसी रेगुलेशन समान अवसर के सिद्धांत का उल्लंघन करता है। यह व्यवस्था योग्यता, परिश्रम और प्रतिस्पर्धा के स्थान पर वर्ग विशेष को अनुचित लाभ पहुंचाने वाली है। इससे उच्च शिक्षा में संतुलन बिगड़ेगा, योग्य अभ्यर्थियों के अधिकार प्रभावित होंगे और सामाजिक वैमनस्य बढ़ेगा। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यह रेगुलेशन संविधान में प्रदत्त समानता के अधिकार के विपरीत है।



## खबर संक्षेप

### बिरगुड़ी में मड़ई 7 को

**नगरी।** ग्राम बिरगुड़ी में ग्रामवासियों के सहयोग से 7 फरवरी को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए भूपेश प्रकाश साल्हेटोला चारामा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम समिति के संरक्षक रामकुमार सरोज, दीपेश नाग ने दी।

### भुसरेंगा में मानस सम्मेलन 6 से

**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भुसरेंगा में ग्रामीणों के सहयोग से तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता 6 से 8 फरवरी तक रखी गई है। प्रतियोगिता में लगभग 30 प्रतिभागी मंडली भाग ले रही है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के सचिव विजय साहू ने दी।

### सिवनीकला में सत्संग समारोह 6 से

**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला में कबीर पारख सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 6 से 8 फरवरी तक सत्संग समारोह का आयोजन रखा गया है। सत्संग समारोह चम्पेश्वर पारा में होगा। प्रवचन के लिए रंजीत साहेब जमुई बिहार से अपनी संत मंडली के साथ पहुंचेंगे। 6 और 7 फरवरी को प्रवचन सुबह 11 से 2 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक रहेगा। 8 फरवरी को सुबह 11 से 2 बजे तक प्रवचन कर महाप्रसादी के साथ समापन किया जायेगा। यह जानकारी नीलकमल साहू ने दी।

### भोथली में हवन-पूजन एवं शिव अनुष्ठान 5 को

**नगरी।** नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम भोथली एवं आश्रित ग्राम गीतकारमुड़ा की धरती पर स्वयंभू भगवान शिव के शिवलिंग के प्रादुर्भाव के उपलक्ष्य में 5 से 7 फरवरी तक तीन दिवसीय हवन-पूजन, रुद्राभिषेक एवं यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक अनुष्ठान वैदिक विधि-विधान से अनुभवी ब्राह्मण आचार्यों के द्वारा संपन्न कराए जाएंगे। प्रथम दिवस 5 फरवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ देव आह्वान एवं मंगल कलशयात्रा के साथ होगा। द्वितीय दिवस 6 फरवरी को वेदी पूजन, देव पूजन होगा। अतिथि विधायक सिहावा अम्बिका मरकाम, भानेन्द्र ठाकुर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस धमतरी, भूषण साहू ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य, क्षमा साहू, नंदनी साहू, जवाहर मरकाम अध्यक्ष 16 पाली महामाई फरसियां शामिल होंगे। तृतीय दिवस 7 फरवरी को भगवान महाकाल के पूजन, रुद्राभिषेक एवं यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह 7 को

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा इतिहास विषय में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ होने पर 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 फरवरी को सुबह 11:30 बजे से नवीन भवन में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विभाग द्वारा एक स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। समारोह में सन 2000 से 2025 तक इतिहास विभाग से पढ़कर निकले सभी विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर ने अपील की है कि जिन विद्यार्थियों से संपर्क नहीं हो पाया है, ऐसे विद्यार्थी इस सूचना को आमंत्रण स्वीकार करें।

# खेल के माध्यम से पुलिस- ग्रामीणों के बीच बढ़ाया गया आपसी सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम गागड़ा में 2 दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। आयोजन पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा भा.पु.से. के निर्देशानुसार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोण्डागांव रूपेश कुमार के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अनंतपुर गोपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में थाना अनंतपुर क्षेत्र के ग्राम एरला, बिंजोली, घोड़सोड़ा, अनंतपुर, बीजापुर, अमरावती, मालगांव, छिनारी, कुम्हारी सहित आसपास के क्षेत्रें की 16 टीमों के ग्रामीण नवयुवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन 3 फरवरी को हुआ। फाइनल मुकाबला ग्राम एरला एवं ग्राम बिंजोली के बीच खेला गया, जिसमें प्रथम स्थान ग्राम एरला, द्वितीय स्थान ग्राम बिंजोली रहा। विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

**सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्राम गागड़ा में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन**



### साइबर अपराध, नशामुक्ति और महिला सुरक्षा पर दी गई जानकारी

कार्यक्रम के दौरान थाना अनंतपुर पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ऑनलाइन ठगी व फिशिंग, सोशल मीडिया पर सतर्कता, पासवर्ड सुरक्षा फेक न्यूज से बचाव, यातायात नियम, नशा मुक्ति एवं महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करते हैं तथा युवाओं को अपराध मुक्त, नशा मुक्त और सुरक्षित समाज की ओर प्रेरित करते हैं। कोंडागांव पुलिस ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी खेलकूद, साइबर सुरक्षा, यातायात नियम, नशा मुक्ति एवं महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में थाना प्रभारी माकड़ी ज्ञानेन्द्र चौहान, सहायक उप निरीक्षक डोमन लाल दीवान, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बैशाखु कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रमदा बघेल, सरपंच ग्राम एरला गणेश बघेल, उप सरपंच जसराज बैध, कोटवार ग्राम गागड़ा बिंगुराम नाग, थाना अनंतपुर के अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश पर बांस-डंडा और टंगिया से गला काटकर किया था मर्डर

# हत्या के आरोपी को मर्दापाल पुलिस ने चंद घंटों में ही कर लिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मर्दापाल थाना क्षेत्र में हुई जघन्य हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चंद घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते बांस डंडा और लोहे की टंगिया से गला काटकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार 3 फरवरी को प्रार्थी समलू कोर्राम, निवासी ढोलमांदरी मंदिर पारा, थाना मर्दापाल ने थाने में जबानी रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके डेढ़शाला फोहडू राम बघेल उम्र 50 वर्ष की हत्या पुरानी रंजिश के चलते कर दी गई है। आरोपी उसारू कोर्राम उम्र 40 वर्ष, निवासी मेंढ़पाल, थाना मर्दापाल द्वारा बांस डंडा एवं टंगिया कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या की गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना मर्दापाल में मर्ग क्रमांक 04/2026 एवं अपराध क्रमांक 04/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देश पर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के आदेश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सतीश भार्गव के मार्गदर्शन में दो पुलिस टीमों का गठन किया गया।

**जंगल क्षेत्र से आरोपी गिरफ्तार** – पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को ग्राम गोलावण्ड रोड जंगल क्षेत्र के पास से 3 फरवरी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पूर्व विवाद और मारपीट को हत्या का कारण स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपी को 4 फरवरी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, कोण्डागांव में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



**इन पुलिसकर्मियों की रही सराहनीय भूमिका** – इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना मर्दापाल के निरीक्षक राजकुमार सोरी, सउनि नरेश कुमार साहू, प्रधान आरक्षक मूलचंद बघेल, संत राम नायक, हिरदू राम बघेल, आरक्षक समीर नेताम, विरेंश सिंह, तोषण कश्यप, भुनेश्वर मरकाम, मेंघनाथ यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## जियो टॉवर बैटरी चोरी का फरार आरोपी पकड़ा गया

**कोण्डागांव।** पुलिस ने जियो टॉवर से बैटरी चोरी के मामले में लंबे समय से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। प्रार्थी रामजी यादव पिता श्रीराम प्रताप यादव, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम मस्तुरी, थाना पिपरपुर, जिला अमेठी उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 19.01.2025 को थाना माकड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट के अनुसार 27 दिसंबर 2024 को ग्राम राकसबेड़ा स्थित जियो टॉवर के ओडीसी बॉक्स से 24 नग बैटरियां अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी कर ली गई थीं। मामले में विवेचना के दौरान पूर्व में दो आरोपियों गौतम शर्मा एवं जुनैद मलिक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा जा चुका है। एक अन्य आरोपी समद घटना के दिनांक से फरार चल रहा था। फरार आरोपी समद पिता ईस्लामुद्दीन, उम्र 33 वर्ष, निवासी न्यू इस्लाम नगर, थाना लिसाड़ीगेट, जिला मेरठ उत्तर प्रदेश की लगातार तलाश की जा रही थी। साइबर सेल कोण्डागांव की तकनीकी सहायता एवं माकड़ी पुलिस की मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। कार्रवाई में निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान, प्र.आर. मोनाराम मण्डावी, आरक्षक राजू पानीग्राही, फरसुराम मरकाम, प्रकाश मण्डावी तथा साइबर सेल कोण्डागांव से निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, प्र.आर. अजय बघेल, ॠतुराज सिंह, आरक्षक चन्दन यादव, परमेश्वर साहू, बिज्जू यादव, बिरजू शोरी, संतोष कोडोपी एवं अजय देवगन का विशेष योगदान रहा।



## जपं के सामने बने 4 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स दुकानों की हुई नीलामी



**फरसगांव।** जनपद पंचायत के सामने निर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के 4 दुकानों की नीलामी बुधवार को नीलामी के लिए प्राधिकृत अधिकारी फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम में मार्गदर्शन, जनपद सीईओ रूपेंद्र नेताम सहित जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में जनपद के सभाकक्ष में किया गया। 4 दुकानों की नीलामी से जनपद पंचायत को 25 लाख 80 हजार रुपये की राशि की प्राप्ति हुई है। जनपद पंचायत के द्वारा मेनरोड किनारे 4 दुकानों वाली शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया था।

इस नीलामी में 50 हजार रुपए की अमानत राशि जमाकर कर 12 बोलिदारो में भाग लिया। दुकान नंबर 07 को पवन कोर्राम ने 6 लाख 30 हजार, दुकान नंबर 08 को पीलाराम नेताम ने 6 लाख 30 हजार , दुकान नंबर 09 को ईश्वरी साहू ने 8 लाख 5 हजार और दुकान नंबर 10 को विक्रम गोयल ने 5 लाख 15 हजार की बोली लगाकर अपने नाम किया। सभी को 30 दिनों के भीतर नीलामी की पूरी राशि को जमा करने कहा गया है । नीलामी के दौरान जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य सहित नगर व अंचल के व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कवासी को जमानत मिलना सत्य की जीतः पूर्व विस उपाध्यक्ष नेताम

**केशकाल।** कवासी लखमा को जमानत मिलने पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, ''बस्तर के जननेता कवासी लखमा को ज़मानत मिल गई है। उद्योगपति को फायदा पहुंचाने के लिए षड्यंत्रपूर्वक लखमा को जेल में बंद किया गया। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत ने एक बार फिर इस बात को दर्ज किया है कि सत्य की लड़ाई में संघर्ष का सामना करना पड़ता है, लेकिन जीत सत्य की ही होती है.''। उन्होंने कहा, "सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। " लखमा सुकमा जिले की कोंटा विधानसभा सीट से छह बार विधायक रह चुके हैं। जमानत की खबर मिलते ही केशकाल विधानसभा सहित कोंडागांव जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की।



## नाम परिवर्तन के लिए अब मिलेगी ऑनलाइन आवेदन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

■ राज्य शासन ने जारी की छत्तीसगढ़ नागरिक नाम परिवर्तन प्रक्रिया एवं मार्गदर्शिका

राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नाम परिवर्तन के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था शुरू की गई है। इसके लिए छत्तीसगढ़ नागरिक नाम परिवर्तन प्रक्रिया एवं मार्गदर्शिका जारी की गई है, जिसके अंतर्गत नागरिक अब घर बैठे नाम परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकेंगे। मार्गदर्शिका के अनुसार नाम परिवर्तन के इच्छुक आवेदकों को लोक सेवा केंद्र के माध्यम से राज्य शासन के ऑनलाइन पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

नाम परिवर्तन आवेदन के साथ निम्न दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा 430 रुपये का चालान के लिए 0058, मुद्रण एवं लेखन सामग्री मद भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा से स्थानीय समाचार पत्र में प्रारूप–एक के अनुसार नाम परिवर्तन सूचना का प्रकाशन तीन माह से अधिक पुराना न हो दो गवाहों के नाम, हस्ताक्षर एवं पते सहित प्रारूप–दो में विलंब प्रारूप 50 रुपये के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर प्रारूप–तीन में नोटराइज्ड शपथ पत्र तीन माह से अधिक पुराना न हो शपथ पत्र में उल्लिखित सभी दस्तावेज एवं पहचान पत्र आईडी।

### निर्धारित समय–सीमा में होगी पूरी प्रक्रिया

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार के पोर्टल में आवेदन प्रेषित किया जाएगा तथा आवेदक को एआरएन प्राप्त होगा। तहसीलदार द्वारा आवेदन पर 7 कार्य दिवस के भीतर कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा अगले 7 कार्य दिवस में सत्यापन सत्यापन के पश्चात आवेदन शासकीय मुद्रणालय पोर्टल में प्रेषित किया जाएगा, जहां 15 कार्य दिवस में प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

## कांग्रेस ने अनुविभागीय अधिकारी केशकाल को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन, प्रदेश सचिव सगीर अहमद क़ुरैशी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश नेताम निर्वाचित पार्षद, कांग्रेसी प्रभावित व्यक्तियों के साथ अनुविभागीय अधिकारी केशकाल को ज्ञापन सौंपा गया। निर्वाचन अधिकारी 82 केशकाल ने भरोसा दिलाया है कि प्रारूप 7 दाखिल करने वाले लोगों को विधिवत नोटिस जारी किया गया है। उनका पक्ष जानकर विधिवत कानूनी कार्यवाही की जाएगी। प्रारूप 7 में असत्य जानकारी देने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

■ पानी में डूबने से हुई मौत के 5 प्रकरणों में अनुदान राशि स्वीकृत

कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से मृत व्यक्तियों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। जिले के विभिन्न तहसीलों के 5 प्रकरणों में कुल 20 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत प्रकरणों में सभी मृतकों की मृत्यु पानी में डूबने से हुई थी। प्रत्येक प्रकरण में मृतक के वारिसों को 4–4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

ग्राम पलना, उप तहसील बड़ेडोंगर मोहित की मृत्यु पर माता जानो, पिता बालसिंह, बहन रमशीला, रितीका, करिश्मा एवं भाई हेमराज को 4 लाख रुपये। ग्राम भानपुरी, तहसील फरसगांव रोयदासिन कोर्राम की मृत्यु पर पुत्र सियाराम कोर्राम, राधेकृष्ण कोर्राम तथा पुत्री जयबती व दयाबती को 4 लाख रुपये।

ग्राम कोनगुड तहसील धनोरा सोमनाथ की मृत्यु पर पत्नी मेहतरी को 4 लाख रुपये। ग्राम ध्रुवापारा आदनबेड़ा, तहसील केशकाल अंशुराम शोरी की मृत्यु पर पत्नी रमशीला शोरी को 4 लाख रुपये। ग्राम बड़ेडोंगर, उप तहसील बड़ेडोंगर चौतराम कड़ियाम की मृत्यु पर पत्नी लीलावती, पुत्र गजानंद, खगेश्वरी, सुभाषचंद्र एवं पुत्री दिलेश्वरी को 4 लाख रुपये।

**राशि सीधे बैंक खातों में होगी हस्तांतरित :** कलेक्टर द्वारा स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि संबंधित वारिसों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरण के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

## पेज 9 के शेष

### हत्या के 3 ...

यादव एवं बलराम यादव परमेश्वर के दोनों हाथों को पकड़ कर रखे थे। परमेश्वर घटना स्थल पर गिर गया और उसके गर्दन एवं सिर से खून निकलने लगा, तत्पश्चात परमेश्वर यादव को 112 वाहन से सीएचसी लोहण्डीगुडा ले जाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना बडांजी में प्रथम सूचना पत्र धारा 296,115 (2),103(1) और 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया गया। थाना बडांजी द्वारा गंभीर अपराध की विशेष सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई। मामले में विवेचना पूर्ण करने के पश्चात न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। मामले में सभी साक्ष्य को सुनने के बाद न्यायाधीश ने अभियुक्तों दयाराम यादव और उसके दोनों पुत्र को दोषी ठहराते हुए तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं पटाने पर अतिरिक्त सजा भुगताई जाएगी।

### चिह्नित स्कूलों में प्रशासनिक...

तोकापाल ब्लॉक के स्कूलों को भी इस विशेष अभियान में शामिल किया गया है।

**समाधान भी करेंगे सुनिश्चित :** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नामित अधिकारी न केवल कार्यों की निगरानी करेंगे, बल्कि स्कूलों में आईडी निर्माण के दौरान आ रही समस्त तकनीकी समस्याओं का परीक्षण करते हुए उनका समाधान भी सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्य में जुट जाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि छात्रों के शैक्षणिक रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण में कोई बाधा न आए।

### यूजीसी रेगुलेशन के...

चौहान सम्मलित थे। जबकि धरना और रैली में सर्व सवर्ण समाज के बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां,पुरुष कर्मकर्ता और युवक-युवतियां सम्मलित थे। ज्ञापन के माध्यम से आगाह किया गया कि यूजीसी रेगुलेशन लागू होने से सवर्ण समाज के युवाओं के लिए उच्च शिक्षा, शोध, नियुक्ति और पदोन्नति के अवसर सीमित हो जाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि आने वाले समय में इससे मानसिक कुंठा, असंतोष और सामाजिक अस्थिरता बढ़ सकती है। सरकार से अपील की गई कि वह युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस रेगुलेशन को तत्काल निरस्त करें।

## नवजात की मौत के बाद परिजनों ने जिला अस्पताल में मचाया हंगामा

■ मेटरनेटिव स्टॉफ पर लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



पांच दिन पहले जिला अस्पताल के मेटरनेटिव वार्ड में भर्ती गर्भवती महिला के प्रसव के दौरान बच्चे के मृत पाए जाने पर परिजनों ने हंगामा करते हुए स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय रामसागरपारा निवासी दिलीप कुर्रे ने मीडिया को बताया कि उसकी पत्नी ममता कुर्रे दूसरी बार गर्भवती हुई। गर्भकाल पूरा होने के बाद ममता को प्रसव के लिए 28 जनवरी को जिला अस्पताल के जचकी वार्ड में भर्ती कराया गया। लगभग छह दिन अस्पताल में भर्ती रखने के बाद मंगलवार को नार्मल डिलीवरी कराई गई जिसमें नवजात मृत था। परिजनों का कहना है कि डाक्टर व स्टाफ ने नार्मल डिलीवरी की बात कहकर लंबे समय तक मरीज को भर्ती रखा, समय रहते सिजेरियन डिलीवरी कराई जाती तो बच्चे की जान बच सकती थी। इस दौरान प्रसव में देरी होते देख डाक्टर व स्टाफ से बार- बार आपरेशन करने के लिए कहा गया। लेकिन वे समय आने पर नार्मल डिलीवरी होने की बात कहते रहे। ज्यादा पूछने पर मेटरनेटिव स्टाफ द्वारा दुर्व्यवहार भी किया गया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने जिला अस्पताल में हंगामा मचाया। उनका कहना है कि स्टाफ द्वारा समय रहते सिजेरियन प्रसव कराया जाता तो ऐसी नौबत नहीं आती।


### सी. एस. आर प्रोजेक्ट के लिए प्रशिक्षण पार्टनर की आवश्यकता है

**कोण्डागांव-** सभी ब्लाक फरसगांव, माकड़ी, कोण्डागांव, बड़े राजपुर, केशकाल
**जगदलपुर-** जगदलपुर, बस्तर, बकावण्ड, लोहंडीगुड़ा, तोकपाल, बस्तरनार, के लिए प्रशिक्षण संस्था संचालन करने हेतु।

| क्र. | विषय | आवश्यक प्रशिक्षण संस्था के लिए | |
|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर प्रशिक्षण पार्टनर | स्वयं का प्रशिक्षण संस्था हो या प्रशिक्षण संस्था संचालन कर सकें। | अंतिम तिथि 14.02.2026 |
| 2 | सिलाई प्रशिक्षण पार्टनर | स्वयं का प्रशिक्षण संस्था हो या प्रशिक्षण संस्था संचालन कर सकें। | |

**संपर्क करें- 9406371358** csrchhattisgarh05@gmail.com

**खबर संक्षेप**

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पहला प्रसव रहा सफल



**बीजापुर।** नियद नेल्लानार आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पालनार ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ग्राम कोरचोली निवासी रुकमी पोट्टाम पति–गुड्डू का पहला प्रसव आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कु. आरती मांझी एवं अनीता पुजारी द्वारा पूरी दक्षता और संवेदनशीलता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। गौरतलब है कि यह आयुष्मान आरोग्य मंदिर 28 जनवरी को ही शुभारंभ हुआ था, और शुभारंभ के कुछ ही दिनों बाद 2 फरवरी को पहले सुरक्षित प्रसव का सफल आयोजन किया जाना, क्षेत्र में सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमाण है। यह सफलता नियद नेल्लानार क्षेत्र के पालनार में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी कदम है, जिससे ग्रामीण अंचल में भरोसेमंद और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं की नई उम्मीद जगी है।

## परीक्षा के समय तनाव कम करने की दी जानकारी

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा पूर्व तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड कुआकोंडा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. देश दीपक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा की तैयारी के दौरान तनाव को कम करने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित अध्ययन, पर्याप्त नींद एवं संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थियों को किसी भी मानसिक समस्या या दबाव की स्थिति में खुलकर बात करने और सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी व्यक्तिगत कठिनाइयों एवं परीक्षा से जुड़ी चिंताओं को साझा किया, जिनका डॉ. देश दीपक द्वारा व्यावहारिक एवं सरल उदाहरणों के माध्यम से समाधान बताया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाना तथा परीक्षा के समय मानसिक संतुलन बनाए रखने के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य शेफाली भदोरिया, जिला सलाहकार राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंकित सिंह, मानसिक स्वास्थ्य सोशल वर्कर विक्रम सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ऐतिहासिक फागुन मंडई मेला स्थल का किया निरीक्षण

**सर्वसुविधायुक्त व्यवस्थाओं के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज जिले के ऐतिहासिक फागुन मंड़ई मेला स्थल का अवलोकन कर आगामी आयोजन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सर्वसुविधायुक्त बनाने के निर्देश दिए। यह मेला आगामी 22 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र की भौतिक स्थिति, प्रवेश-निकास मार्ग, भीड़ प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने एसडीएम दंतेवाड़ा को आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर ने मेला स्थल पर स्वच्छ एवं पर्याप्त शौचालयों की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, अग्निशमन वाहन एवं फायर सेफ्टी उपकरणों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए पृथक पार्किंग स्थल चिन्हित करने एवं भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक रूट निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। भीड़ नियंत्रण हेतु बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था एवं आपातकालीन चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया गया। उल्लेखनीय है कि फागुन मंड़ई मेला में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं बाहर से आने वाले श्रद्धालु शामिल होते हैं।

जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों के समन्वय से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि यह आयोजन सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस दौरान एसडीएम लोकांश एल्मा, नायब तहसीलदार शभादूराम धनकर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## माहरापारा में पेयजल संकट का समाधान प्रशासनिक पहल से मिला स्थायी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले के विकासखण्ड कुआकोण्डा के ग्राम माहरापारा में लंबे समय से बनी पेयजल की विकराल समस्या का अब समाधान हो गया है। लगभग 450 की आबादी वाले इस ग्राम में वर्षों से जलस्त्रोतों की स्थिति खराब बनी हुई थी। गांव में स्थापित दो हैंडपम्पों से पानी अनियमित रूप से आता था, जिससे सभी परिवारों को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पाता था। इसके अलावा पूर्व में खनित किए गए आठ नलकूप पूर्णतः असफल पाए गए थे, जिससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई थी। पानी की सीमित उपलब्धता के कारण ग्रामीणों को आपसी समन्वय से बारी-बारी पानी भरने की व्यवस्था करनी पड़ती थी। पेयजल संकट को देखते हुए पारा में हवा से पानी बनाने की मशीन भी स्थापित की गई थी, लेकिन उससे अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। समस्या के समाधान के लिए ग्राम के महिला एवं पुरुष जनप्रतिनिधियों ने गत सप्ताह जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव से भेंट कर स्थिति से अवगत कराया। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल पीएचई विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

### कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव के बारे में दी जानकारी

# तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, धूम्रपान शराब का उपयोग अनुवांशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र पोटाली में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दंतेवाड़ा के दिशा-निर्देश पर ग्राम समेली में विश्व कैंसर जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, महिलाओं और युवा वर्ग को कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव के उपाय

- **महिलाओं को स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के बारे में किया जागरूक**

और उपलब्ध उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर उन मिथकों और गलतफहमियों को दूर करना था, जिनकी वजह से लोग समय पर जांच नहीं कराते और बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कैंसर को लेकर जागरूकता की कमी है, जिसके कारण लोग शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं। इस अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को बताया कि कैंसर का समय पर पता चल जाए तो इसका उपचार संभव है। अभियान के दौरान विशेष रूप से स्कूली बच्चों को शामिल किया गया। बच्चों को सरल भाषा में यह समझाया गया कि कैंसर के प्रमुख लक्षण क्या होते हैं, किन आदतों से यह बीमारी होने की संभावना बढ़ती है और किन बातों का ध्यान रखकर इसे रोका जा सकता है। ग्रामीणों को बताया गया कि तंबाकू का सेवन, गुटखा–बीड़ी, धूम्रपान, शराब का अत्यधिक उपयोग, असंतुलित भोजन, संक्रमण और अनुवांशिक कारण कैंसर की प्रमुख वजह बन सकते हैं। स्वास्थ्य टीम ने महिलाओं को विशेष रूप से स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के बारे में जागरूक किया। महिलाओं को स्वयं स्तन परीक्षण का तरीका समझाया गया जिससे कि वे समय-समय पर खुद जांच कर सकें और किसी असमान्यता के दिखते ही तुरंत अस्पताल जाएं। ग्रामीणों और विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि कैंसर का समय रहते पता चल जाए तो उपचार काफी सरल होता है। नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित भोजन, व्यायाम, तंबाकू व शराब का परित्याग, स्वच्छता और सुरक्षित व्यवहार इसके लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सरकार द्वारा विभिन्न स्क्रीनिंग और उपचार सुविधाएँ निःशुल्क या कम लागत पर उपलब्ध कराई जाती हैं।

### निकली जागरूकता रैली

स्कूल के बच्चों के साथ जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें सभी बच्चे हाथों में तख्तियाँ लेकर कैंसर से बचाव संबंधी नारे लगाते हुए ग्राम समेली की गलियों से गुजरे। रैली का उद्देश्य था कि गांव का हर व्यक्ति इस संदेश को गंभीरता से ले और अपनी तथा अपने परिवार की नियमित जांच कराए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण चिकित्सा सहायक अधिकारी डॉ. अतीक अंसारी ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को कैंसर स्क्रीनिंग अवश्य करानी चाहिए। उन्होंने पुरुषों और महिलाओं में होने वाले कैंसर के प्रकारों की विस्तार से जानकारी दी पुरुषों में प्रमुख कैंसर मुख का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, स्वरयंत्र का कैंसर। महिलाओं में प्रमुख कैंसर स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, मुख का कैंसर। डॉ. अंसारी ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि नियमित स्क्रीनिंग के माध्यम से कैंसर के शुरुआती चरणों में पहचान संभव हो जाती है, जिससे उपचार आसान और सफल हो जाता है। उन्होंने आग्रह किया कि ग्रामीण अपनी जीवनशैली में सुधार करें और तंबाकू उत्पादों से दूर रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ-साथ स्थानीय शिक्षकों और ग्रामीणों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### पार्षद ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ

# बस्तर व कोलचूर के बीच हुआ फाइनल मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

नगर पंचायत बस्तर के कुम्हड़ाकोट में पार्षद ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच मंगलवार को बस्तर और कोलचूर के बीच हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप की मौजूदगी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बस्तर और कोलचूर के बीच रोमांचक मैच हुआ जिसमें बस्तर की टीम विजेता रही। कोलचूर की टीम नौ ओवर में ऑल आउट 40 रन ही बना पाई।वहीं पीछा करते हुए बस्तर की टीम 7 ओवर में जीत हासिल किया।

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों के हाथों विजेता टीम बस्तर को तीस हजार रूपये नगद राशि एवं ट्रॉफी वही उपविजेता टीम कोलचूर को सोलह हजार व ट्रॉफी प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप ने कहा कि खेल में हार जीत एक स्वभाविक प्रक्रिया है। और यह खेल का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि खिलाड़ियों के लिए खेल भावना सबसे महत्वपूर्ण है।और हारने वाली टीम को अपनी गलतियों से स्वीकार कर अगली बार जीतने का प्रयास जारी रखना चाहिए।

परिणाम से ज्यादा जरूरी खेल का आनंद लेना और अनुशासन है,खेल में भाग लेना ही बड़ी बात है,क्योंकि यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष समीर मिश्रा, पार्षद असावती बघेल मंगलराम बघेल, वीरसिंह मौर्य, बंशी कश्यप, राधे यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व मौजूद रहे।

# धान की खरीदी 5 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णय अनुसार आगामी 5 एवं 6 फरवरी को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतर्गत किसानों के धान की खरीदी की जाएगी।

इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अवर सचिव भूपेन्द्र सिंह राजपूत ने दिशा-निर्देश जारी कर संबंधित धान खरीदी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दिशा-निर्देश जारी कर किसानों के हित में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समय अवधि में 2 अतिरिक्त दिवस 5 एवं 6 फरवरी तक वृद्धि किया है। जारी निर्देशों के अनुरूप ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 पश्चात टोकन हेतु आवेदन किया गया है, परंतु सत्यापन नहीं हो पाया है। ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 पश्चात आवेदन किया गया है एवं सत्यापन उपरांत धान पाया गया है तथा ऐसे किसान जिन्होंने 28, 29 एवं 30 जनवरी को टोकन प्राप्त किया है परंतु किसी कारणवश धान विक्रय नहीं कर पाए हैं। उक्त किसानों का धान आगामी 5 एवं 6 फरवरी को संबंधित धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदा जाएगा।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि आगामी 5 एवं 6 फरवरी को जिले के धान खरीदी केन्द्रों में जहाँ ऐसे किसान हो उनका सुव्यवस्थित रूप से धान की खरीदी करना सुनिश्चित करें।

# एसबीआई संजीवनी ने विश्व कैंसर दिवस पर चलाया जन जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर



एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट के से परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा 151 बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक किया। संस्था से जिला समन्वयक सूरज पटनायक ने बताया कि कैंसर एक जानलेवा बीमारी हैं परंतु सही समय पर ईलाज होने से ठीक हो सकता हैं।

विश्व कैंसर दिवस कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने, रोकथाम, पहचान और प्रोत्साहित करने का एक वैश्विक प्रयास हैं साथ ही टीम द्वारा भी जानकारी दी गई कि यह दिवस सामूहिक कार्यवाही द्वारा लाखों मौतों को रोकने, कैंसर से जुड़े मिथ्य को कम करने की और प्रेरित किया। रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को तंबाखू का सेवन ना करने को जागरूक किया गया। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों कैंसर जैसे बीमारी से रोकथाम साथ ही नशीली पदार्थ से कैसे बचा जाए वीडियो के माध्यम से जागरूक किया। कार्यक्रम में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य मानसिंह कश्यप तथा परिवर्तन समाज विकास समिति से जिला समन्वयक सूरज पटनायक, डॉ विभाष ओझा डाक्टर हिरमा मरकाम, फार्मासिस्ट रविन्द्र पोयम, लैब टेक्नीशियन पल्लवी पाण्डे, स्टॉफ नर्स सनबारी बघेल, पायलट अशोक कुमार बघेल सहित हितग्राही उपस्थित थे।

### विद्युत विभाग ने किया जागरूकता कार्यक्रम

# पीएम सूर्य घर योजना से जागरूक हुए नागरिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ के रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर विद्युत विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के उद्देश्यों एवं लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने बताया कि यह योजना आम नागरिकों को सौर ऊर्जा से जोड़कर न केवल बिजली खर्च में राहत प्रदान कर रही है, बल्कि स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को सौर ऊर्जा के उपयोग, रूफटॉप सोलर संयंत्र की स्थापना प्रक्रिया, शासन द्वारा दी जाने वाली अनुदान सुविधा तथा इससे होने वाले दीर्घकालिक आर्थिक लाभों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि यह योजना लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है तथा ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम है।

इस अवसर पर समय पर विद्युत बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने ऐसे जिम्मेदार उपभोक्ताओं की सराहना करते हुए अन्य नागरिकों से भी बिजली का विवेकपूर्ण उपयोग करने एवं समय पर विद्युत बिल भुगतान करने की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, ऊर्जा संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा, जिसे उपस्थित नागरिकों ने सराहा।

# लोहंडीगुड़ा के ग्राम पंचायत भेजा में लगा चौपाल



हरिभूमि न्यूजच ▶▶ लोहंडीगुड़ा

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन के प्रचार प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद लोहंडीगुड़ा की ग्राम पंचायत भेजा में चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप ने ग्रामीणों को जीरामजी योजना के प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

डॉ. कश्यप ने बताया कि अब ग्रामीण परिवारों को 100 दिवस नहीं बल्कि प्रति वर्ष न्यूनतम 125 दिवस के मजदूरी रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसर सृजित करना है। उन्होंने योजना के प्रमुख फोकस क्षेत्रों की जानकारी देते हुए बताया कि इसके अंतर्गत जल सुरक्षा एवं उससे संबंधित कार्य मूलभूत ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, आजीविका संवर्धन तथा सशक्त आपदा-निवारण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

डॉ. कश्यप ने बताया कि योजना गांव-केंद्रित विकास की अवधारणा पर आधारित है। विकसित ग्राम पंचायत योजनाएं तकनीकी सहयोग से पीएम गति शक्ति के अंतर्गत ग्राम सभाओं के माध्यम से तैयार की जाएंगी, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य सुनिश्चित हो सकेंगे। चौपाल में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए योजना संबंधी जानकारी प्राप्त की।

# दिव्यांगजनों को मिला निःशुल्क ट्राइसायकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर




छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिले के दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से ट्राइसायकल वितरण किया गया। यह वितरण जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखंडों में निवासरत दिव्यांग व्यक्तियों के लिए किया गया।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम कोवासी बक्का, पिता कोवासी सोमा, विकासखंड उसूर, जिला बीजापुर के निवासी दिव्यांग लाभार्थी को कमांड 170 बीएन सीआरपीएफ के सहयोग से ट्राइसायकल उपलब्ध कराया गया। ट्राइसायकल प्राप्त होने से लाभार्थी को दैनिक आवागमन में सुविधा मिलेगी और वह आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने एवं उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए शासन द्वारा इस प्रकार की योजनाएं निरंतर संचालित की जा रही हैं। लाभार्थी द्वारा ट्राइसायकल प्रदान किए जाने पर शासन-प्रशासन एवं कमांड 170 बीएन सीआरपीएफ के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## धान बिक्री से वंचित किसानों को मिलेगा अंतिम अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में धान खरीदी की निर्धारित अवधि 31 जनवरी 2026 को समाप्त हो चुकी है। शासन के निर्देशानुसार अब उन किसानों के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु पुनः पोर्टल खोला जा रहा है, जिनकी धान खरीदी तकनीकी कारणों अथवा भौतिक सत्यापन के अभाव में पूरी नहीं हो पाई थी। ऐसे पात्र किसानों को जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष अवसर प्रदान किया गया है। जिले में उन किसानों को चिन्हित किया गया है उन्होंने धान विक्रय के लिए आवेदन तो किया था, किन्तु भौतिक सत्यापन नहीं हो पाने या सत्यापन के बाद भी किसी कारणवश उपज का विक्रय नहीं कर सके थे। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने 5 एवं 6 फरवरी को विशेष धान खरीदी की व्यवस्था की है, ताकि कोई भी पात्र किसान शासन की सहायता से वंचित न रह जाए। प्रशासन द्वारा संबंधित किसानों का भौतिक सत्यापन 4 फरवरी से 6 फरवरी तक कराया जा रहा है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मेंद्री घूमर जलप्रपात के समीप सजेगा भव्य रिसोर्ट

**जगदलपुर।** बस्तर की नैसर्गिक सुंदरता और जलप्रपातों को निहारने आने वाले पर्यटकों के लिए सुखद खबर है। चित्रकोट के सामानांतर अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर मेंद्री घूमर जलप्रपात के समीप जल्द ही एक भव्य रिसॉर्ट आकार लेने वाला है। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की पहल पर लोहंडीगुड़ा प्रशासन ने इसकी कवायद तेज कर दी है। इस परियोजना के लिए ग्राम मेंद्री में स्थित जेल विभाग की भूमि को अब पर्यटन विभाग के नाम हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। तहसीलदार न्यायालय लोहंडीगुड़ा द्वारा जारी की गई आधिकारिक सूचना के मुताबिक छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने मेंद्री घूमर जलप्रपात के पास पर्यटकों की सुविधा और रिसॉर्ट निर्माण के लिए भूमि आवंटन का आवेदन प्रस्तुत किया था। इस पर संज्ञान लेते हुए वर्तमान में शासकीय भूमि को पर्यटन विभाग को सौंपने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रशासन ने रिसॉर्ट निर्माण के लिए ग्राम मेंद्री में खसरा नंबर 50, 77, 179 और 184 के तहत कुल 20.28 हेक्टेयर के भू-भाग को चिन्हित किया है, जिससे इस क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं का व्यापक विस्तार संभव हो सकेगा।

### ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ

**जगदलपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बस्तर जिले में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन बेहद गरिमापूर्ण और उत्साहजनक माहौल में किया गया। इस विशेष अभियान की गूंज ग्राम चितापदर, कामानार, जूनावानी, परचनपाल, मांझीभाटा, ककनार और कोटमसर जैसे सुदूर वनांचलों तक सुनाई दी, जहां विभाग ने एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया। महोत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न सत्रों में ग्रामीणों को जल के बहुमूल्य महत्व को गहराई से समझाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। विभाग के प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए बताया कि जल केवल एक संसाधन नहीं बल्कि जीवन का आधार है, इसलिए जल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई रखना और संसाधनों की रक्षा करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### बस्तर पण्डुम में कलाकार अपनी कला का जादू बिखरेंगे

**जगदलपुर।** आगामी 7 से 9 फरवरी तक आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय बस्तर पण्डुम को लेकर अंचल के निवासियों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला स्तर की कड़ी प्रतिस्पर्धा से जीत कर आए 84 दल और उनके 705 चयनित कलाकार इस दौरान अपनी कला का जादू बिखरेंगे। इन तीन दिनों में बस्तर की फिजां में जनजातीय नृत्य की थाप, पारंपरिक गीतों की गूंज, स्थानीय व्यंजन-पेयपदार्थ और नाटकों का मंचन आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा। प्रतियोगिता में 12 अलग-अलग विधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें सर्वाधिक 192 कलाकार जनजातीय नृत्य में और 134 कलाकार जनजातीय नाटक सहित अन्य विधा में हुनर दिखाएंगे। यह मंच केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं होगा, बल्कि यह बस्तर के ज्ञान, स्वाद और कला का एक अद्भुत संगम भी होगा। जहाँ एक ओर 65 कलाकार पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन छेड़ेंगे, वहीं दूसरी ओर 56 प्रतिभागी लजीज जनजातीय व्यंजनों की खुशबू से माहौल को सराबोर करेंगे।

# विश्व कैंसर दिवस पर स्वामी विवेकानंद स्कूल में गूंजा जागरूकता का संदेश

## स्कूली बच्चों ने अभिभावकों के नाम पत्र लिखकर उन्हें कैंसर के खतरों के प्रति किया आगाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार को शहर के स्वामी विवेकानंद स्कूल में एक बेहद संवेदनशील और अनूठी पहल देखने को मिली, जहां स्कूली बच्चों ने अपने अभिभावकों के नाम भावुक पत्र लिखकर उन्हें कैंसर के खतरों के प्रति आगाह किया। राज्य शासन के आदेश और बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त रूप से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के खिलाफ बिगुल फूंका।

जिला शिक्षा अधिकारी बी.आर. बघेल और सीएमएचओ के मार्गदर्शन में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्य आकर्षण स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पत्र लेखन प्रतियोगिता रही। इसमें विद्यार्थियों ने अपने पालकों को प्रतीकात्मक रूप से जागरूकता संदेश देते हुए पत्र लिखे। इन पत्रों के माध्यम से बच्चों ने न केवल अपने मन की बात कही, बल्कि अपने परिवार को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आग्रह भी किया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ तीन पत्रों का चयन कर छात्रों को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की गई, जिससे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



जागरूकता सत्र के दौरान महारानी अस्पताल से आए विशेषज्ञों ने बच्चों को इस बीमारी की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने नशापान से होने वाले शारीरिक और आर्थिक नुकसान पर गहराई से प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को समझाया कि कैसे नशा एक खुशहाल परिवार को बर्बाद कर सकता है। वहीं, शिक्षा विभाग से सहायक जिला शिक्षा परियोजना अधिकारी जयंती कश्यप ने बदलती जीवनशैली पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि अनियमित दिनचर्या और जंक फूड का अत्यधिक सेवन भी कैंसर का कारण बन सकता है।

चिकित्सीय पहलुओं पर बात करते हुए कैंसर रोग विशेषज्ञ व जिला नोडल अधिकारी डॉ. भंवर शर्मा ने बताया कि यदि सही समय पर लक्षणों की पहचान कर ली जाए, तो कैंसर का इलाज पूरी तरह संभव है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी कमलेश रामटेके ने विज्ञान के नजरिए से समझाया कि मादक पदार्थ किस तरह मानव शरीर की कोशिकाओं को नष्ट करते हैं।

इस महत्वपूर्ण कार्यशाला को सफल बनाने में जिला अस्पताल से डॉ. शांडिल्य (रेडियोलॉजिस्ट), जिला टी.बी. अधिकारी डॉ. मैत्री और जिला सलाहकार हनी गाडलिब की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम के सुचारू संचालन में स्वामी विवेकानंद संस्था की प्रभारी प्राचार्या कविता कौर, संकुल समन्वयक गोपाल बिसाई और समस्त शिक्षक स्टाफ ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## ओंकारेश्वर मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का दूसरा दिन श्रद्धा और वैदिक अनुष्ठानों से संपन्न

# सूर्य उपासना और गौ पूजन के साथ हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मैत्री संघ मार्ग स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन का कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। दिन की शुरुआत समस्त श्रद्धालुओं के आरोग्य एवं कल्याण की कामना के साथ सूर्य नमस्कार एवं भगवान सूर्य की आराधना से की गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भगवान भास्कर की उपासना कर नगरवासियों के उत्तम स्वास्थ्य हेतु प्रार्थना की गई।





आचार्य रोमित राज त्रिपाठी, आचार्य शिव मिश्रा, आचार्य मानस रंजन दास, आचार्य हेमंत शर्मा समेत अन्य पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा किया गया।

इसके पश्चात सर्व देवों में श्रेष्ठ मानी जाने वाली गौ माता का विधिवत पूजन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रों के साथ गौ माता के प्रत्येक अंग में निवास करने वाले देवी-देवताओं का पूजन कर गो-ग्रास अर्पित किया। यज्ञ आचार्यों ने गौ सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रतिदिन श्रद्धा भाव से घर का प्रथम एवं शुद्ध भोजन गौ माता को अर्पित करना अत्यंत पुण्यदायी है,जबकि जूठा अथवा बचा हुआ भोजन कभी भी गाय को नहीं देना चाहिए।

गौ पूजा के उपरांत यज्ञ मंडप के पश्चिमी भाग में गौरी-गणेश का विधि-विधान से पूजन किया गया। यज्ञ आचार्यों ने सभी वार्डवासियों एवं नगर के नागरिकों के सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए विशेष संकल्प कराया। साथ ही सनातन धर्म के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति वृद्धि की कामना की गई।

आचार्यों ने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए बताया कि देव कार्य से भी पितृ कार्य को श्रेष्ठ माना गया है। इसके पश्चात यजमानों एवं आचार्यों को रक्षा सूत्र बांधकर यज्ञ विधि की पूजा कराई गई। अंत में सभी देवी-देवताओं का स्थापना पूजन, आरती एवं पुष्पांजलि अर्पित कर दूसरे दिन का कार्यक्रम भक्ति एवं श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान आचार्य रोमित राज त्रिपाठी, आचार्य शिव मिश्रा,आचार्य मानस रंजन दास,आचार्य हेमंत शर्मा, पंडित चंदन तिवारी,पंडित शुभंकर मिश्रा,पंडित मृत्युंजय,पंडित अर्जुन मिश्रा, पंडित तापस, मुख्य यजमान संजय पांडे, रेखा पांडे सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### गौ पूजा का आध्यात्मिक संदेश

गौ माता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना गया है। यज्ञ आचार्यों के अनुसार सच्चे मन से की गई गौ सेवा एवं पूजन से मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। प्रतिदिन प्रथम और शुद्ध भोजन गौ माता को अर्पित करना, गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता तथा निरंतर सेवा भाव ही सनातन संस्कृति का मूल संदेश है।

## कंपनी देगी वाहन मरम्मत की क्षतिपूर्ति राशि 17 लाख

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर द्वारा आवेदक को उसकी वाहन लोडर मशीन क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत की राशि 17 लाख रुपए एवं मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रुपए पृथक से अदा करेगी। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने आदेश जारी किया।

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने आदेश किया पारित

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रेया इंटरनेशनल जगदलपुर के प्रोपराइटर अशोक लूनिया द्वारा अपनी वाहन लोडर मशीन का बीमा इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर से करवाया गया था। आवेदक की उक्त वाहन कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिस हेतु आवेदक द्वारा बीमा कंपनी के पास आवश्यक दस्तावेज सहित क्लेम फॉर्म जमा किए जाने पर बीमा कंपनी द्वारा सर्वेयर नियुक्त कर सर्वे करवाया गया था। बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटना संदिग्ध होना बताते हुए आवेदक का क्षति दावा निरस्त कर दिया गया था, जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है कि उक्त दुर्घटना संदिग्ध परिस्थितियों में घटित हुई थी। जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमा कंपनी के सर्वेयर की रिपोर्ट से असंतुष्ट होने पर आवेदक स्वयं क्षतिग्रस्त वाहन की क्षति के आंकलन के लिए सर्वेयर नियुक्त करने की पात्रता रखता है। आवेदक को हुई मानसिक परेशानी हेतु 10 हजार रुपए पृथक से दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

# विजयी छात्राओं को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड जगदलपुर शहर की ओर से हॉल ही में रजत जयंती महोत्सव पर शहर के शासकीय दंतेश्वरी

- विद्युत कंपनी ने दंतेश्वरी महाविद्यालय में मनाया रजत जयंती महोत्सव

पीजी महिला महाविद्यालय में छात्राओं के बीच निबंध लेखन, नारा लेखन, भाषण, चित्रकला, पोस्टर निर्माण स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस दौरान कंपनी के कार्यपालन अभियंता चित्रा खत्री, महाविद्यालय के प्राचार्य, अध्यापक आदि शामिल रहे। स्पर्धा में विजेता का नाम के भाषण प्रतियोगिता में शोमिया तिवारी प्रथम, तैयबा फातिमा द्वितीय, रश्मि मिश्रा तृतीय, कुंती मरकाम, उज्जयिनी शेट्टी सराहना, नारा लेखन प्रतियोगिता में सन्मति कश्यप प्रथम, प्रियंका द्वितीय, हरिप्रिया साथिया तृतीय, अलीशा अंगोचिया, दिव्या यादव सराहना, पेंटिंग, पोस्टर प्रतियोगिता में अपर्णा नाग प्रथम, लक्ष्मी ठाकुर द्वितीय, शर्मिला पोद्दार तृतीय, निधि श्रीवास, गुलाटी करे सराहना, निबंध लेखन में तनीषा यादव प्रथम, जे.सक्सिता रेड्डी द्वितीय, बसंती मौर्य तृतीय एवं नंदिनी मंडावी, प्रिया ठाकुर सराहना रहीं।

### आड़ावाल में मना रजत जयंती महोत्सव

जगदलपुर। विद्युत वितरण केन्द्र जगदलपुर (ग्रामीण) के आड़ावाल के ग्राम पंचायत भवन में मंगलवार को रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जनपद सदस्य अश्रीति राजेश शर्मा, उप सरपंच आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में सहायक अभियंता अरविंद खोबरागढ़े के नेतृत्व में कनिष्ठ अभियंता पिंकी नाग ने उपभोक्ता को सम्मानित किया गया।



### फाइलेरिया उन्मूलन का महाअभियान 10 फरवरी से होगा शुरू

जगदलपुर। पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के साथ तोकापाल ब्लॉक को फाइलेरिया और कृमि के प्रकोप से मुक्त बनाने की दिशा में स्थानीय प्रशासन ने कमर कस ली है। आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले इस वृहद श्सामूहिक दवा सेवनश कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), शंकरलाल सिन्हा की अध्यक्षता में एक अहम अंतर-विभागीय समन्वय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और कृषि विभाग के अधिकारियों ने एक मंच पर आकर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया। बैठक में तहसीलदार श्रीमती यशोदा केतारप भी उपस्थित थीं। बैठक के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ साव ने अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार यह महाअभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक निरंतर चलेगा। अभियान को सुव्यवस्थित रूप से चलाने के लिए इसे विभिन्न चरणों में बांटा गया है। शुरुआती तीन दिनों यानी 10 से 12 फरवरी तक आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों और विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में विशेष बूथ लगाए जाएंगे, जहाँ बच्चों और लक्षित जनसमुदाय को दवा का सेवन कराया जाएगा।

# वन्य प्राणी शिकार व वनभूमि पर अतिक्रमण में 15 लोगों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर वनमण्डल के अंतर्गत माचकोट परिक्षेत्र में पिछले 4 दिनों में दो प्रकरणों में एक अपराधी को ग्राम बिलौरी जिला बस्तर में एक चीतल के शिकार और सुकमा जिले से आए 14 अपराधियों द्वारा

- सुकमा से पहुंचे वन भूमि को खंडित कर अतिक्रमण करने का कर रहे थे प्रयास

माचकोट के वन भूमि को खंडित कर अतिक्रमण करने के प्रयास करने हेतु वन अपराध दर्ज की। वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 तथा लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 की सुसंगत धाराओं के अधीन कार्यवाही की गई। अपराधियों को वन अपराध दर्ज कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला बस्तर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायलय की ओर से सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल भेजा गया। वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी एवं वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं उप वन मंडलाधिकारी जगदलपुर देवलाल दुग्गा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी माचकोट सुमीत साहा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। सीसीएफ ने वन सुरक्षा को लेकर कहा कि वनों की सुरक्षा आज जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों से बचाने के लिए बेहद जरूरी है। भविष्य की आने वाली पीढ़ियां जल जंगल जमीन का सतत रूप से लाभ ले सके इसके लिए वनों को सुरक्षा किया जाना आवश्यक है। इस कार्यवाही में मुख्य रूप से परिक्षेत्र सहायक बनसिंग कर्मा, बाबा राम कश्यप, बुधसन बघेल, लच्छूराम मरकाम, नरहरी कश्यप, परिसर रक्षक अरविंद कोर्राम, घुड़सा राम मंडावी, सुकुलधर बघेल, रमेश कुमार बघेल, राजाराम कश्यप, प्रमोद नेताम, जयदीप सिंह, मोहन भारती, सौरभ कश्यप एवं वन सुरक्षा श्रमिकों का विशेष सहयोग रहा।



### अपराध में होगी सख्त कार्रवाई

बस्तर वन मंडलाधिकारी ने बताया वन अपराधों को रोकने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रकार के अपराध में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### रोकने अनवरत प्रयास जारी

उप वन मंडलाधिकारी जगदलपुर ने बताया कि मैदानी अमला वनों की सुरक्षा के लिए लगातार गस्ती कर रहा है। विभाग के किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहा है। वन अपराध में लिप्त सभी अपराधियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।

## नेशनल बॉडी बिल्डिंग एवं मेन्स फिजिक चैंपियनशिप में बस्तर को मिले तीन पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सीएम ट्रॉफी ओपन नेशनल बॉडी बिल्डिंग एवं मेन्स फिजिक चैंपियनशिप का आयोजन बालोद जिले में 31 जनवरी से 1 फरवरी को हुआ। स्पर्धा में बस्तर व कोटपाड़ के 7 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें नगरनार के रोहित पटनायक, शशिकांत बराड़, जगदलपुर के रूपेश बघेल, अंकित विश्वास, राजेंद्र यादव और कोटपाड़ के आशीष बाघो, साऊल सारथी शामिल रहे। 50 से 55 किग्रा वर्ग में रोहित पटनायक ने बॉडी बिल्डिंग में चौथा स्थान एवं मेन्स फिजिक में पांचवा स्थान प्राप्त किया। वहीं अंकित विश्वास ने 70 से 75 किग्रा वर्ग में चौथा स्थान प्राप्त किया।

# निजी स्कूलों में भी अब बोर्ड पैटर्न पर होंगी 5वीं-8वीं की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता और एकरूपता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए अब शासकीय स्कूलों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध निजी (अशासकीय) स्कूलों में भी कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं केंद्रीकृत बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जाएंगी। इस महत्वपूर्ण बदलाव और परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जिला मिशन समन्वयक अशोक पांडे और परीक्षा नोडल अधिकारी जयनारायण पाणिग्राही की उपस्थिति में बुधवार को निजी स्कूल संचालकों की एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई, जिसमें वर्ष 2025-26 की वार्षिक परीक्षाओं के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है।



शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार स्कूलों को हर हाल में 14 फरवरी तक पाठ्यक्रम पूरा करना अनिवार्य होगा। पाठ्यक्रम पूरा होने के तुरंत बाद ही परीक्षा की विशेष तैयारियां शुरू हो जाएंगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि छात्रों को परीक्षा के स्वरूप से परिचित कराने के लिए 25 फरवरी तक प्रश्नपत्र का ब्लू प्रिंट समझा दिया जाए। इसके पश्चात छात्रों को मुख्य परीक्षा के लिए आत्मविश्वास से भरने के उद्देश्य से 27 फरवरी से 14 मार्च के बीच विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए सैंपल पेपर्स से सघन अभ्यास कराया जाएगा।

परीक्षा पद्धति में बदलाव करते हुए अंकों का विभाजन भी तय कर दिया गया है। कक्षा 5वीं की परीक्षा कुल 50 अंकों की होगी, जिसमें 40 अंक लिखित परीक्षा के और 10 अंक प्रोजेक्ट कार्य के होंगे। वहीं, कक्षा 8वीं के लिए कुल 100 अंक निर्धारित हैं, जिनमें 80 अंक लिखित और 20 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए रखे गए हैं। स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे 25 फरवरी तक प्रोजेक्ट कार्य पूरा करवा लें और इसके अंक 27 फरवरी तक सीलबंद लिफाफे में बीईओ कार्यालय जमा करें। परीक्षा संचालन हेतु कक्षा 5वीं के लिए 55 रुपये और कक्षा 8वीं के लिए 60 रुपये प्रति छात्र का शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसे 5 फरवरी तक जमा करना होगा। प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी विद्यार्थी को वंचित न किया जाए। परीक्षाएं पूरी तरह से सरकारी निगरानी में संपन्न होंगी, जिसके लिए शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा। परीक्षा संपन्न होने के बाद मूल्यांकन कार्य तेजी से किया जाएगा और 25 अप्रैल तक स्कूलों में अंकसूची तैयार कर ली जाएगी। अंततः, 30 अप्रैल को सभी संस्था प्रमुख अपने-अपने विद्यालयों में परीक्षा परिणाम की घोषणा करेंगे और बच्चों को अंकसूचियों का वितरण करेंगे।

